# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी उत्तर वन मंडल सागर म.प्र.

E-mail :- dfonsagar@mpforest.org: dfotnsagar@mp.gov.in: Phone & Fax No. :- 07582-236337

क्रमांक / मा.चि. / 17 / 3116 सागर, दिनांक – 24-11-17

प्रति,

कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग क्रमांक–01
सागर म.प्र.

विषय :– सागर जिले की कड़ान मध्यम परियोजना के निर्माण हेतु 248.76 हे. वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बावत्।

संदर्भ :– आपका पत्र क्र. / 3021 / कार्य / कड़ान मध्य परियोजना / 2017–18 / दिनांक 26.10.2017.

–––000–––

कड़ान मध्यम परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाली वनभूमि के ऑन लाईन प्रस्ताव इस कार्यालय में आपके संदर्भ से प्राप्त हुआ हैं, परियोजना हेतु सीमांकित वनभूमि में खड़े वृक्षों की गणना क्रमशः एफ.टी.एल., एफ.टी.एल.–2, एफ.टी.एल.–4 के आधार पर फीड बेक ऑनलाईन की जाना है। प्रस्ताव में पृथक–पृथक गणना पत्रक संलग्न नहीं है, वनभूमि के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु हस्तांतरित भूमियों का मौका स्थल पर सीमा चिन्ह लगाये जाकर सीमांकित किया जाना आवश्यक होगा। मौका पर उक्त कार्यवाही नहीं की गयी है।

कृपया प्रस्ताव में उक्त कमियों की पूर्ति करने का कष्ट करें।

24.11.17

**वन मंडल अधिकारी**
**उत्तर वन मंडल, सागर**

पृ.क्रमांक / मा.चि / 2017 / 3117 सागर, दिनांक – 24-11-17

प्रतिलिपि :– मुख्य वन संरक्षक सागर वन वृत्त सागर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

2) वन मंडल अधिकारी दक्षिण सागर वन मंडल को सूचनार्थ। परियोजना में आपके वन मंडल अंतर्गत वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु भूमियां हस्तांतरित की गयी है, कृपया हस्तांतरित भूमियों में वृक्षारोपण कार्य की योजना तकनीकी स्वीकृति हेतु सक्षम अधिकारी को भेजने का कष्ट करें तथा इस कार्यालय को सूचित किया जावे।

3) उप वन मंडल अधिकारी बण्डा / उत्तर सागर एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी मालथौन / उत्तर सागर को सूचनार्थ। योजना में हस्तांतरित भूमियों की सीमांकित रिपोर्ट एवं वर्तमान प्रचलित दरों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में वृक्षारोपण योजना स्थल मानचित्र के अनुसार इस कार्यालय को 03 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

**वन मंडल अधिकारी**
**उत्तर वन मंडल, सागर**

24/11/17